SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... दीपावली के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 24 व 25 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 24 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 28

# जगमगाई आयोध्या... दीपोत्सव का शुभारंभ कर पीएम मोदी बोले, यह आयोजन सांस्कृतिक जागरण का प्रतिबिंब



**अयोध्या (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश में श्रीरामनगरी अयोध्या में छठे दीपोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए भारत के जन जन की आस्था के केन्द्र श्रीराम के आदर्शों को कर्तव्य बोध का प्रतीक बताया। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया, राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते हैं। भगवान राम के आदर्शों पर चलना सभी भारतीयों का कर्तव्य है।

मोदी ने यहां दीपोत्सव का उद्घाटन करने से पूर्व रामकथा पार्क में भगवान राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान परिस्थितियों में श्री राम के आदर्शों के व्यवहारिक स्वरूप की भी व्याख्या की। उन्होंने कहा, राम किसी को पीछे नहीं छोड़ते हैं। राम कर्तव्य-भावना से मुख नहीं मोड़ते हैं। इसलिए, राम, भारत की उस भावना के प्रतीक हैं, जो मानती है कि हमारे अधिकार हमारे कर्तव्यों से स्वयं सिद्ध हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने वचन में, अपने विचारों में, अपने शासन में, अपने प्रशासन में जिन मूल्यों को गढ़ा, वो 'सबका साथ-सबका विकास' की प्रेरणा है। साथ ही भगवान राम के मूल्य 'सबका विश्वास-सबका प्रयास' का आधार भी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, जब श्रीराम का अभिषेक होता है, तो हमारे भीतर भगवान राम के आदर्श, मूल्य और अधिक दृढ़ हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी वजह से भगवान राम आज भी भारत में जन जन की आस्था के केन्द्र हैं और जनसाामान्य के जीवन में व्यवहारिक एवं अनुकरणीय हैं। मोदी ने कहा, भगवान राम, मर्यादापुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मर्यादा, मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी, और मर्यादा, जिस बोध की आग्रह होती है, वो बोध कर्तव्य ही है।

## अयोध्या में दीपोत्सव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला के किए दर्शन, उतारी आरती



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अयोध्या में छठे दीपोत्सव के आयोजन में हिस्सा लेने के लिये साकेत महाविद्यालय में बने हैलीपेड पर पहुंचे। यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री यहाँ से सीधे श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के दर्शन करने गए। यहां सबसे पहले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरणों में प्रधानमंत्री ने हाजिरी लगाई और फिर आरती उतारी। रामलला की परिक्रमा कर प्रधानमंत्री ने सुखी व सशक्त राष्ट्र की कामना की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राममंदिर निर्माण स्थल का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी यहां से श्रीराम जन्म भूमि गए। वहां हो रहे कार्यों का अवलोकन लिया। उन्होंने राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंदिर निर्माण परियोजना के प्रमुख चंपत राय भी मौजूद हैं। इसके बाद वह रामकथा पार्क जाकर दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित छठे दीपोत्सव में शिरकत करेंगे।

## कर्नाटक : विधानसभा उपाध्यक्ष ममानी का निधन, 56 साल की आयु में ली अंतिम सांस



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एवं कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष आनंद ममानी का शनिवार की रात एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि ममानी किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। वह 56 वर्ष के थे। सौदत्ती सीट से तीन बार विधायक रहे ममानी के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने अस्पताल में उन्हें श्रद्धांजलि दी। बोम्मई ने ट्वीट किया, हमारी पार्टी के विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष आनंद चंद्रशेखर ममानी के निधन के बारे में जानकर अत्यंत दुख हुआ। उनकी आत्मा को शांति मिले और ईश्वर उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। ओम शांति।

आनंद ममानी के पिता चंद्रशेखर एम. ममानी भी 1990 के दशक में उपाध्यक्ष रहे थे। सौंदत्ती क्षेत्र से तीन बार के विधायक ममानी भाजपा नेत थे। उनके पिता चंद्रशेकर ममानी चार बार विधायक रहे थे। उन्होंने एक बार निर्दलीय और तीन बार जनता परिवार के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीता था। राजन्ना ममानी के नाम से पहचाने जाने वाले उनके चाचा विश्वनाथ करीबसप्पा ममानी भी साल 2004 में निर्दलीय विधायक रहे थे।

## खड़गे के पद ग्रहण समारोह में शामिल होंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिवाली पर भारत जोड़ो यात्रा थमने पर राहुल गांधी कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खडग़े के पद ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। जयराम रमेश ने ट्वीट किया कि आज सुबह 10 बजे से बड़ी संख्या में भारत यात्री दिवाली के लिए घर गए हैं। राहुल गांधी 26 अक्टूबर को खडग़े जी के लिए आयोजित होने वाले एआईसीसी समारोह में शामिल होंगे। भारत जोड़ो यात्रा 27 अक्टूबर को तेलंगाना के महबूबनगर जिले से फिर से शुरू होगी।

समारोह के लिए पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी के लोगों के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है। पत्र में जिक्र है कि नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को चुनाव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का समारोह बुधवार 26 अक्टूबर 2022 को सुबह 10.30 बजे पार्टी मुख्यालय, 24 अकबर रोड, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आप सादर आमंत्रित हैं।

पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 24 से 26 अक्टूबर तक दिवाली अवकाश पर रहेगी और 27 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट किया कि भारत जोड़ो यात्रा 24 और 25 अक्टूबर को दिवाली के लिए और 26 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन खडग़े को चुनाव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए अवकाश लेगी। यात्रा 27 अक्टूबर की सुबह तेलंगाना में फिर से शुरू होगी।

कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने राज्य सरकार पर हमला किया और आरोप लगाया कि राज्य में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार चल रही है, और राज्य की संस्कृति को विकृत किया जा रहा है।

रविवार को एक बयान में गांधी ने कहा कि कभी भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करने वाले राज्य की सरकार अब 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार के रूप में जानी जाती है। सूट, बूट, लूट की सरकार के भाजपा के मॉडल का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राज्य में अभूतपूर्व भ्रष्टाचार चल रहा है। सांप्रदायिकता व सार्वजनिक क्षेत्र का क्षरण आर्थिक प्रगति को पंगु बना रहा है और गरीबों और कमजोरों को मारा जा रहा है।

## पीएम मोदी की राह पर एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र में 75000 सरकारी नौकरियों का किया ऐलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अगले एक साल में राज्य के युवाओं को 75,000 सरकारी नौकरियां देने का ऐलान किया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार एक साल में 75 हजार सरकारी नौकरियां देगी। फ डणवीस ने युवाओं को 10 लाख रोजगार देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की भी प्रशंसा की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई इस पहल के साथ महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हमारी सरकार ने भी नौकरी देने का फैसला किया है। 75,000 नौकरियों में से 18,000 रिक्तियां पुलिस विभाग में होंगी। इसके लिए अगले 5 से 7 दिनों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को 'मिशन मोड' पर नौकरियां दें। वहीं, मोदी ने शनिवार को सरकारी नौकरी के 75,000 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि केंद्र युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। 7-8 साल के भीतर हमने 10वें से 5वें नंबर तक की छलांग लगाई है। ये इसलिए संभव हो पा रहा है, क्योंकि बीते 8 वर्षों में हमने देश की अर्थव्यवस्था की उन कमियों को दूर किया है, जो रुकावटें पैदा करती थीं। स्टार्टअप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामथ्र्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। साल 2014 तक जहां देश में कुछ 100 ही स्टार्टअप थे, आज ये संख्या 80,000 से अधिक हो चुकी है।'

## नकदी, जेवरात समेत अन्य सामान लेकर फरार दुल्हन

**कानपुर (आरएनएस)।** जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां नवविवाहित दुल्हन शादी के एक दिन बाद अपने पति के घर से नकदी और जेवरात समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई। बाद में, उसने अपने पति को उसके मोबाइल फोन पर फोन किया और उससे अब और संपर्क न करने के लिए कहा।

शख्स ने अब पुलिस को शिकायत दी है और मामले की जांच की जा रही है।

घटना 4 अक्टूबर की है, लेकिन शनिवार शाम को कानपुर जिले के बिल्हौर थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला संज्ञान में आया।

पुलिस के अनुसार, जेडपुर गांव निवासी अरविंद ने अपनी शिकायत में कहा है कि तकतौली गांव के दो लोगों ने उसकी शादी तय करने के लिए उससे 70 हजार रुपये की मांग की।

फिर वे उसे बिहार के गया ले गए और रुचि नाम की लडक़ी से उसकी शादी तय कर दी। 30 सितंबर को पैसे लेने के बाद दोनों युवक उसे एक होटल में ले गए और लडक़ी की फोटो दिखाई। अगले दिन 1 अक्टूबर को गया के एक मंदिर में विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद वह पत्नी के साथ गांव आया था।

उसने अपनी शिकायत में कहा, चार अक्टूबर को जब वह उठा, तो उसकी पत्नी घर से गायब थी, साथ ही एक बॉक्स में रखे 30,000 रुपये की नकदी और शादी में उसे दिए गए गहने और कपड़े भी गायब थे।

थाना प्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है और आरोपी महिला व पुरुषों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आग लगने से सेवानिवृत्त आईजी की दम घुटने से मौत

**लखनऊ (आरएनएस)।** इंदिरानगर स्थित आवास में शनिवार देर रात आग लगने से एक सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) की दम घुटने से मौत हो गई। एडीसीपी नॉर्थ जोन अभिजीत आर शंकर ने बताया कि रात करीब 11 बजे पड़ोसियों ने पुलिस को सेवानिवृत्त आईजी दिनेश चंद्र पांडे के सेक्टर-18 इंदिरानगर आवास में आग लगने की सूचना दी। दमकल की पांच गाडिय़ों को आनन फानन में मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आईजी की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि उनके बेटे और पत्नी झुलस गए हैं और उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि जिस कमरे में सेवानिवृत्त आईजी सो रहे थे, उस कमरे में शॉर्ट सर्कट के कारण एयर कंडीशनर में आग लग गई। आग ने उनके कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।

उनकी पत्नी अरुणा और बेटा शशांक, जो एक ही मंजिल पर दूसरे कमरे में थे, उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वह फंस गए। बाद में पुलिस और दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और घायलों को राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस) ले गए, जहां पांडे को मृत घोषित कर दिया गया और उनकी पत्नी और बेटे को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## चक्रवात सितरंग दिवाली पर कई राज्यों में मचा सकता है तबाही, कई जगह आज बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** मॉनसूनी बारिश के बाद भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, कुछ राज्यों में दिवाली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के दिन चक्रवाती तूफान सितरंग की वजह से भारी बारिश हो सकती है। मौसम की चेतावनी है कि साइक्लोन (चक्रवाती तूफान) सितरंग कई राज्यों में तबाही भी मचा सकता है। मौसम विभाग का यह अलर्ट पश्चिम बंगाल, ओडिशा समेत कई राज्यों के लिए है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र 24 अक्टूबर तक एक चक्रवाती तूफान में बदल जाने की उम्मीद है। आईएमडी के अनुसार, आज बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश समेत बंगाल के तटीय इलाकों में बारिश होने की संभावना बताई जा रही है।

बंगाल और ओडिशा में कहर बरपाएगा सितरंग। कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उप महानिदेशक संजीव बंदोपाध्याय के अनुसार, पश्चिम बंगाल के उत्तर-24 परगना और दक्षिण-24 परगना जिलों में अलग-अलग स्थानों पर दिवाली के दिन भारी से बहुत भारी बारिश होगी। जबकि पश्चिम मेदिनीपुर में भारी बारिश हो सकती है। 25 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा के दिन) को नदिया, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना में भारी वर्षा होने की संभावना है। दोनों दिनों कोलकाता, हावड़ा और हुगली में मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, भुवनेश्वर में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर, मयूरभंज, जाजपुर, क्योंझर, कटक और खुर्दा जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कई राज्यों में दिवाली और गोवर्धन पूजा वाले दिन अरुणाचल प्रदेश में भारी वर्षा की संभावना है। 24-26 अक्टूबर के दौरान असम और मेघालय और 23-26 अक्टूबर के दौरान मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने मछुआरों को सलाह दी है कि वे मध्य बंगाल की खाड़ी के गहरे समुद्र क्षेत्र में और 23 से 26 अक्टूबर के बीच ओडिशा और बंगाल के तटों के साथ और बाहर न जाएं। अपने ताजा बुलेटिन में आईएमडी ने कहा है, साइक्लोन सितरंग का केंद्र निम्न दबाव वाले क्षेत्र बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी से सटे दक्षिण-पूर्व में है। यह 23 अक्टूबर की सुबह तक पूर्व-मध्य और इससे सटे बंगाल की दक्षिण-पूर्वी खाड़ी पर बड़ा असर डाल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, अक्टूबर की सुबह तक सितरंग के धीरे-धीरे उत्तर-पूर्व की ओर बढऩे और बंगाल की मध्य खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तेज होने की संभावना है।

सितरंग एक चक्रवाती तूफान या साइक्लोन है। छह मौसम विज्ञान केंद्र के समूह आरएसएमसी और पांच क्षेत्रीय उष्णकटिबंधीय चक्रवात चेतावनी केंद्रों टीसीडब्ल्यूसी ने मिलकर इस चक्रवात को यह नाम दिया है। इस पैनल के तहत 13 सदस्य देश आते हैं। हालांकि नाम का प्रस्ताव थाइलैंड द्वारा दिया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में पटाखा स्टॉल में लगी भीषण आग, 2 लोगों मौत

**हैदराबाद।** जिसमें आग की तेज लपटें और धुंए के गुब्बार उठते दिखाई दे रहे हैं। आग की लपटों के संपर्क में आने से पटाखों के फटने की आवाजें भी आ रही हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में गांधी नगर स्थित जिमखाना मैदान में आज सुबह पटाखा स्टॉल में आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मौके पर फ ायर अधिकारी मौजूद हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग के संपर्क में आने से पटाखों के फ टने की आवाजें भी आ रही हैं। घटनास्थल के आसपास मौजूद कुछ वाहनों के भी आग की चपेट में आने की आशंका है। दूसरे पटाखा स्टॉल भी नजर आ रहे हैं, जो सुरक्षित हैं।

### केंद्र ने राजीव गांधी फाउंडेशन का लाइसेंस किया रद्द, विदेशी फंडिंग के आरोप के बाद हुई कार्यवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज बड़ा फैसला लेते हुए राजीव गांधी फ ाउंडेशन का लाइसेंस रद्द कर दिया है। गांधी परिवार से जुड़े एक गैर सरकारी संगठन के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई हुई है। जानकारी के मुताबिक किए कार्रवाई फ ॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट के तहत की गई है। राजीव गांधी फ ाउंडेशन पर विदेशी फंडिंग कानून के उल्लंघन का आरोप है। इसको लेकर 2020 में गृह मंत्रालय की ओर से एक जांच कमेटी गठित की गई थी। अंतर मंत्रालय समिति की जांच के बाद ही यह कार्रवाई की गई है। आपको बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी इस फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं।

### पांच वर्षीय बच्चे का जबरन खतना, आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से एक चौंकाने वाली घटना में धर्म परिवर्तन के इरादे से पांच वर्षीय बालक का जबरन खतना कर दिया गया। मामला तूल पकड़ते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गंगाघाट थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे ने बताया कि मौलाना मोहम्मद असलम ने शुक्रवार शाम बच्चे का जबरन खतना करा दिया। पांडे ने कहा कि जब बच्चा घर लौटा और इसकी जानकारी परिजनों को दी तो वे आग बबूला हो गए। इसके बाद बच्चे के माता-पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पांडे ने कहा कि उन्होंने यूपी के धर्मांतरण निषेध अध्यादेश, स्वेच्छा से खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाने के आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### काबुल में छह आईएस आतंकवादियों को किया ढेर

**काबुल ।** तालिबान सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में कल रात भर चले ऑपरेशन में आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह के छह सदस्यों को मार गिराया। सत्तारूढ़ समूह के प्रशासन के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता कारी यूसुफ अहमदी ने कहा कि आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में मारे गए आईएस के सदस्य हाल के हफ्तों में दो बड़े हमलों में शामिल थे। जिनमें से एक शहर की मस्जिद पर और दूसरा एक शिक्षण संस्थान हमला किया गया था जिसमें कई छात्राओं की मौत हो गयी थी। अहमदी ने कहा,मारे गए आतंकवादी वजीर अकबर खान मस्जिद और काज शिक्षण संस्थान के हमलावर थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन में तालिबान सुरक्षा बल का एक सदस्य भी मारा गया। गौरतलब है कि काज इंस्टीट्यूट शिक्षा केंद्र के महिला खंड में 30 सितंबर को हुए विस्फोट में 53 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर लड़कियां और युवतियां थीं।